smc
moneywise. be wise.

# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट ( कृषि ) 07 मई 2024

## मसाले

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धनिया ( मई ) | 19-मई-24 | 7312.00 | 7364.00 | 7422.00 | 7474.00 | 7532.00 | मंदी |
| धनिया ( जून ) | 20-जून-24 | 7498.00 | 7498.00 | 7498.00 | 7498.00 | 7498.00 | मंदी |
| जीरा ( मई ) | 19-मई-24 | 23168.33 | 23806.67 | 24148.33 | 24786.67 | 25128.33 | तेजी |
| जीरा ( जून ) | 20-जून-24 | 24015.00 | 24230.00 | 24015.00 | 24230.00 | 24015.00 | तेजी |
| हल्दी ( जून ) | 20-जून-24 | 17877.33 | 18138.67 | 18393.33 | 18654.67 | 18909.33 | मंदी |
| हल्दी ( अगस्त ) | 20-अगस्त-24 | 18563.33 | 18696.67 | 18869.33 | 19002.67 | 19175.33 | मंदी |

## तिलहन एवं खाद्य तेल

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कैस्टरसीड ( मई ) | 19-मई-24 | 5524.67 | 5557.33 | 5611.67 | 5644.33 | 5698.67 | मंदी |
| कैस्टरसीड ( जून ) | 20-जून-24 | 5618.00 | 5646.00 | 5684.00 | 5712.00 | 5750.00 | मंदी |

## अन्य कमोडिटी

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कपास ( अप्रैल-25 ) | 30-अप्रैल-25 | 1573.83 | 1578.17 | 1581.83 | 1586.17 | 1589.83 | साइडवेज |
| कोकूड ( मई ) | 19-मई-24 | 2569.33 | 2595.67 | 2610.33 | 2636.67 | 2651.33 | तेजी |
| कोकूड ( जून ) | 20-जून-24 | 2573.00 | 2610.00 | 2638.00 | 2675.00 | 2703.00 | तेजी |
| ग्वारसीड ( मई ) | 19-मई-24 | 5344.00 | 5377.00 | 5401.00 | 5434.00 | 5458.00 | साइडवेज |
| ग्वारसीड ( जून ) | 20-जून-24 | 5413.33 | 5446.67 | 5474.33 | 5507.67 | 5535.33 | साइडवेज |
| ग्वारगम ( मई ) | 19-मई-24 | 10528.33 | 10625.67 | 10723.33 | 10820.67 | 10918.33 | मंदी |
| ग्वारगम ( जून ) | 20-जून-24 | 10650.00 | 10756.00 | 10861.00 | 10967.00 | 11072.00 | मंदी |
| मेंथा ऑयल( मई ) | 31-मई-24 | 925.30 | 928.30 | 932.10 | 935.10 | 938.90 | मंदी |
| मेंथा ऑयल( मई ) | 30-जून-24 | 936.70 | 940.20 | 942.60 | 946.10 | 948.50 | साइडवेज |

**One has to follow the trend and see the price only at closing. This is not for Intra day trading.

## कृषि कमोडिटीज आउटलुक

### मसाले

घरेलू बाजार के साथ-साथ वैश्विक बाजार में कमजोर मांग के कारण हल्दी की कीमतों में गिरावट जारी रही। फरवरी-24 में भारत से हल्दी का निर्यात 12% कम होकर 12.92 हजार टन रह गया, जबकि अप्रैल-23-फरवरी-24 के दौरान कुल निर्यात पिछले वर्ष से 4.4% कम होकर 144.58 हजार टन दर्ज किया गया। कमजोर उत्पादन अनुमान के कारण हल्दी में गिरावट सीमित रहने की संभावना है। कुल मिलाकर आवक की गति पिछले वर्ष की तुलना में धीमी रही है, मई-24 के पहले सात दिनों में लगभग 6.2 हजार टन की आवक हुई, जबकि पिछले सप्ताह में 8.8 हजार टन की आवक हु थी। आवक कम रहा है क्योंकि अनुमान है कि उत्पादन में साल-दर-साल 16% की गिरावट आएगी और यह मेरे वर्ष 2024-25 में 9.7 लाख टन रह सकता है। हल्दी की कुल आपूर्ति में साल-दर-साल 16% की कमी होने की संभावना है, जिससे कीमतों में बड़ी गिरावट पर रोक लगने की संभावना है। **हल्दी ( जून ) वायदा की कीमतें 18100-19050 के दायरे में करोबार कर सकती है।**

घरेलू बाजार में सक्रिय खरीदारी के कारण जीरा वायदा कीमतों में मजबूती फिर से शुरू हो गई। मजबूत निर्यात मांग और स्टॉकिस्टों की आक्रामक खरीदारी से कीमतों को तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने में मदद मिली। मांग में सुधार के चलते जीरे में मजबूती जारी रहने की संभावना है। लेकिन वर्ष 2024 में बंपर फसल की उम्मीद के कारण गिरावट सीमित होने की संभावना है। मई 24 के पहले सप्ताह में भारत भर की प्रमुख एपीएमसी मंडियों में लगभग 9.3 हजार टन जीरा पहुंचा, जबकि पिछले सप्ताह में यह 8.6 हजार टन पहुंचा था। भारत ने फरवरी-24 में 10.96 हजार टन जीरा निर्यात किया, जबकि पिछले साल यह 11.36 हजार टन था, जो साल-दर-साल 3.4% कम है। अप्रैल-23-फरवरी-24 की समय अवधि के दौरान भारत से जीरा निर्यात में साल-दर-साल 23.7% की गिरावट दर्ज की गई। **जीरा की कीमतें 23100-27500 के दायरे में कारोबार कर सकती है।**

बढ़ती आवक के दबाव के कारण धनिया की कीमतों में नरमी जारी रहने की संभावना है। भारी कैरीफॉरवर्ड स्टॉक और नई फसल की बढ़ी आपूर्ति से कीमतों पर दबाव पड़ने की संभावना है। लेकिन अप्रैल-24 में कुल आवक मार्च-24 की तुलना में 41% कम हो गई है क्योंकि किसान कीमतों में अधिक वृद्धि की उम्मीद में अपने स्टॉक को जारी करने के लिए अनिच्छुक हैं। लेकिन मजबूत निर्यात से गिरावट सीमित रह सकती है। फरवरी 24 में धनिया का निर्यात साल-दर-साल 35% बढ़कर 4.6 हजार टन हो गया। अप्रैल-23-फरवरी-24 की समय अवधि के दौरान धनिया का कुल निर्यात 71.18 हजार टन तक पहुंच गया। कमजोर आपूर्ति की आशंका के कारण धनिया में मजबूती बरकरार रहने की संभावना है क्योंकि रकबा और उपज में गिरावट के कारण उत्पादन में साल-दर-साल लगभग 10-15% की कमी होने की संभावना है। **धनिया की कीमतें 7100-7600 के दायरे में रहने की संभावना है।**

### अन्य कमोडिटीज

आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण कॉटन की कीमतों में तेजी जारी रही । बढ़ती निर्यात मांग और घटती आवक से कीमतों को तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने में मदद मिली। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) द्वारा जारी नवीनतम अनुमान के अनुसार, अक्टूबर-मार्च के दौरान निर्यात 137 प्रतिशत बढ़कर 18 लाख गांठ हो गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में निर्यात 7.59 लाख गांठ हुआ था। भारत ने 2022-23 सीजन के दौरान 15.59 लाख गांठों का निर्यात किया था। अमेरिकी क्रॉप प्रोग्रेस रिपोर्ट के अनुसार 5 मई तक अमेरिकी कपास की फसल 28% बोई गई है। **एमसीएक्स पर कॉटन की कीमतों के 57000-58400 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है, जबकि कपास ( अप्रैल 25 ) वायदा की कीमतों के 1560-1610 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

बिकवाली के दबाव के कारण ग्वारसीड वायदा कीमतों में फिर गिरावट जारी रह सकती है। स्थानीय बाजार में धीमी खरीदारी और वर्ष 2024 में ग्वार के तहत उत्पादन क्षेत्र में वृद्धि की उम्मीद ने बाजार के सेंटीमेंट पर असर डाला। कमजोर उत्पादन के कारण आवक की गति धीमी हो गई है जिससे कीमतों में मजबूती आने की संभावना है। ग्वारगम की निर्यात मांग में सुधार हुआ है जिससे ग्वारसीड की कीमतों में भी वृद्धि होगी। फरवरी-24 में ग्वार गम का निर्यात सालाना 46% बढ़कर 37.3 हजार टन हो गया। **ग्वारसीड की कीमतों को 5400 रू पर सपोर्ट मिल सकता है जबकि 5750 पर रेजिस्टेंस रह सकता है जबकि ग्वारगम की कीमतों के 10800-11500 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

अधिक निर्यात की रिपोर्ट से मेंथा ऑयल की कीमतों में तेजी की संभावना है। फरवरी, 2024 के दौरान भारत ने लगभग 309 टन मेंथा तेल का निर्यात किया, जबकि सरकार की हालिया विज्ञप्ति के अनुसार पिछले वर्ष यह 210 टन हुआ था। **मेंथा ऑयल की कीमतें 960 पर मजबूत रेजिस्टेंस के साथ 930 रू पर सपोर्ट ले सकती है।**

बाजार में आपूर्ति कम होने से अरंडी की कीमतों को जल्द ही समर्थन मिलने की उम्मीद है। पेराई मांग में सुधार की संभावना है जिससे कीमतों को तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने में मदद मिलेगी। अरंडीकेक और तेल की सुस्त मांग बढ़त को सीमित कर सकती है। **अरंडी वायदा की कीमतों के 5550-5900 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

**आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com**

smc
moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।